प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- संसद का बजट सत्र आज से–वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी।
- 16वीं राजस्थान विधानसभा का तीसरा सत्र आज राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण के साथ शुरू होगा।
- केन्द्र सरकार ने कहा भारत जल्द अपना स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करेगा।
- जैसलमेर के रामदेवरा में बाबा रामदेव का माघ मेला आज से शुरू –नागौर का पशु मेला परवान पर।

......................

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से इसकी शुरूआत होगी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण की ओर से आज लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत किया जाएगा। एक फरवरी को वित्त मंत्री वर्ष 2025–26 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगा। केन्द्रीय बजट से विभिन्न वर्गों और आम लोगों को काफी अपेक्षाएं हैं। जयपुर से अधिवक्ता नूर मोहम्मद खान को उम्मीद है कि सरकार लोगों को सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराने के लिए बुनियादी सुविधाओं में बढोतरी करेगी।

......................

16वीं राजस्थान विधानसभा का तीसरा सत्र आज राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण से शुरू होगा। राज्यपाल बनने के बाद श्री बागड़े का सदन में यह पहला अभिभाषण होगा। राज्यपाल के विधान सभा पहुंचने पर विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल तथा मुख्य सचिव सुधांश पंत उनका स्वागत करेंगे। राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। तीन फरवरी से राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस होगी। वहीं सात फरवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देंगे। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी 19 फरवरी को वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगी। इससे पहले कल विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। श्री देवनानी ने विधानसभा सदन, राज्यपाल के अगवानी स्थल, चिकित्सा व्यवस्था, कैंटीन सहित विभिन्न कक्षों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

......................

राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ का आज स्थापना दिवस है। साल 1977 में आज ही के दिन जयपुर पीठ की स्थापना की गई थी। इस अवसर पर आज हाईकोर्ट में समारोह आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में जस्टिस इंद्रजीत सिंह शिरकत करेंगे। इसके अलावा, हाईकोर्ट जयपुर पीठ के सभी न्यायाधीश, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहेंगे। आज ही राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ की बार ऐसोसियेशन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी रखा गया है।

......................

किसानों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए एग्रीस्टैक योजना में फार्मर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को 5 फरवरी से पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत सभी जिलों में शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बनवाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री

भजनलाल शर्मा ने किसानों अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लेने  और फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बनवाकर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

......................

पाली जिले के गिरादडा में घना जंगल बनाया जायेगा। इसके लिए देशभर से विभिन्न प्रजातियों के एक लाख से अधिक पौधे मंगाये गये है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पहले चरण में करीब 25 एकड भूमि पर ये जंगल बनाया जायेगा।

......................

केन्द्र सरकार ने घोषणा की है कि भारत किफायती लागत पर सुरक्षित स्वदेशी एआई मॉडल शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कल नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत के एआई मॉडल की लागत 100 रुपये प्रति घंटे से भी कम होगी। श्री वैष्णव ने बताया कि कृषि क्षेत्र, सीखने की अक्षमता और जलवायु परिवर्तन से संबंधित 18 ऐप्लिकेशन इस एआई मॉडल का हिस्सा होंगी। श्री वैष्णव ने कहा कि वैज्ञानिक, शोधकर्ता, डेवलपर्स और कोडर्स इस संबंध में कई मूलभूत मॉडल पर काम कर रहे हैं। इसे 6 महीने के भीतर तैयार कर लिये जाने की उम्मीद है।

......................

और अब महाकुम्भ से जुड़ी खबरें–
महाकुंभ में दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गठित न्यायिक आयोग आज संगम घाट प्रयागराज का दौरा करेगा। आयोग दुर्घटना के कारण और परिस्थितियों की जांच करेगा और एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देगा। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मंदार ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि मार्ग परिवर्तन के कारण वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक वायरल सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया कि 4 फरवरी तक प्रयागराज में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। एक वीडियो संदेश में श्री मंदार ने स्पष्ट किया कि 31 जनवरी, 1 फरवरी और 4 फरवरी को किसी मार्ग में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वसंत पंचमी पर अमृत स्नान के कारण केवल 2 फरवरी और 3 फरवरी को प्रयागराज में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

......................

जैसलमेर के रामदेवरा में आज से बाबा रामदेव का माघ मेला शुरू हुआ। 15 दिन तक चलने वाले इस मेले में दूर दराज से लोग बाबा रामदेव के समाधि स्थल पर दर्शन के लिए पंहुच रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए है।

......................

उधर नागौर में राज्यस्तरीय रामदेव पशु मेला कल से शुरू हुआ। 12 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में भाग लेने के लिए बडी संख्या में राज्यभर से पशुपालक अपने पशुओं के साथ पहुंचे है। मेले में 3 से 6 फरवरी तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जोधपुर में 9 फरवरी से होने वाले मरू महोत्सव के लिए तैयारियां जोरो पर है। इस दौरान मिस मूमल, मूमल महेन्द्र, मिस्टर डेजर्ट और मिसेज जैसलमेर सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। इन प्रतियोगिताओं के लिए 1 से 7 फरवरी तक आवेदन किये जा सकते है। वहीं भीलवाडा में 7 से 9 फरवरी तक भीलवाडा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। भीलवाडा के जिला कलेक्टर नमित मेहता ने एक शॉर्ट फिल्म के जरिये लोगों से इस महोत्सव में भाग लेने की अपील की है।

......................

प्रदेश में आज कई स्थानों पर मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। विभिन्न जगहों पर बादल छाये हुए है। वहीं कुछ इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ हैं। भरतपुर और हनुमानगढ़ में घना कोहरा छाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। चूरू में सर्द हवाएं चल रही है। जोधपुर में आज

सुबह से ही बादल छाये हुए है और हल्की धुंध का असर है। हमारे श्रीगंगानगर संवाददाता ने बताया कि कल शाम से आये मौसम में बदलाव के बाद आज वहां कोहरा छाया हुआ है। इससे सर्दी का प्रभाव बढ गया है।

.....................